Australian Government

Australian Taxation Office

करदाता अधिकार-पत्र

आपको किन बातों की जानकारी होनी चाहिए

ato.gov.au

हम कर का भुगतान क्यों करते हैं

कर वह धनराशि होती है, जिसे लोग और व्यवसाय ऑस्ट्रेलियाई सरकार को सेवाएँ प्रदान करने के लिए देते हैं। इनमें शामिल हैं:

- स्वास्थ्य
- शिक्षा
- रक्षा
- सड़कें और रेलवे
- सामाजिक सुरक्षा और सेंटरलिंक (Centrelink) से अन्य भुगतान – Services Australia (सेवाएँ ऑस्ट्रेलिया)।

ऑस्ट्रेलियावासियों के रूप में हम एक अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामुदायिक सुविधाओं (उदाहरण के लिए, पार्क और खेल के मैदानों) की सुलभता का आनंद उठाते हैं, जिन्हें कर संग्रह के माध्यम से समर्थित किया जाता है।





आपको कितना कर देना होगा

आपके द्वारा अदा किए जाने वाले कर की धनराशि इसपर निर्भर करती है कि:

- क्या आप कर के उद्देश्यों के लिए ऑस्ट्रेलियाई निवासी हैं या नहीं
- आपकी आय क्या है
- क्या आप एक से अधिक कार्य करते/करती हैं
- क्या आपके पास टैक्स फाइल नंबर (TFN (टीएफएन)) [Tax File Number (TFN)] है - यह एक व्यक्तिगत संदर्भ सँख्या है, जिसे अपने कार्य-नियोक्ता के लिए काम शुरू करने के बाद आपको उन्हें बताना चाहिए।

यदि आप TFN (टीएफएन) प्राप्त करने से पहले ही काम शुरू कर देते/देती हैं, तो आपके पास इसे प्राप्त करके अपने कार्य-नियोक्ता को देने के लिए 28 दिन होते हैं। यदि आप ऐसा नहीं करते/करती हैं, तो आपके कार्य-नियोक्ता को आपके वेतन में से सबसे ऊँची दर पर कर लेना होगा।

आपको कितना कर चुकाना होगा, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/rates** पर जाएँ।

कार्य आरंभ करने से पहले

ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने की अनुमति

यदि आप एक विदेशी निवासी हैं, तो ऑस्ट्रेलिया में कार्य आरंभ करने से पहले आपको Department of Home Affairs (घरेलू मामले विभाग) से अनुमति प्राप्त करनी होगी। Home Affairs (घरेलू मामले विभाग) आपको उपयोगी जानकारी प्रदान कर सकता है, जिसमें इस बारे में जानकारी भी शामिल होगी कि कौन से वीज़ा आपको ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने की अनुमति देते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में काम करने की अनुमति के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **homeaffairs.gov.au** पर जाएँ।

टैक्स फाइल नंबर (tax file number) प्राप्त करें

आपका टैक्स फाइल नंबर (TFN (टीएफएन)) [Tax File Number (TFN)] एक व्यक्तिगत संदर्भ सँख्या है। TFN (टीएफएन) को निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

कार्य आरंभ करने से पहले, या कार्य आरंभ करने के तुरंत बाद, आपको TFN (टीएफएन) प्राप्त कर लेना चाहिए, अन्यथा आपको अधिक कर का भुगतान करना होगा।

हम पहचान करने और रिकॉर्ड रखने के उद्देश्यों के लिए व्यक्ति-विशेषों, व्यवसायों और अन्य संगठनों को TFN (टीएफएन) जारी करते हैं।

आप किस प्रकार से अपने TFN (टीएफएन) के लिए आवेदन करते/करती हैं, यह आपकी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/tfn** पर जाएँ।

यदि आप ऑस्ट्रेलिया में प्रवास कर रहे/रही हैं या आपके पास अस्थायी निवासी वीज़ा है जो आपको ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने की अनुमति देता है, तो आप वेबसाइट **ato.gov.au/tfnautoreg** पर TFN के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते/सकती हैं।

अपना आवेदन भरते समय आपको अपनी पहचान प्रमाणित करने वाले दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

आपके TFN (टीएफएन) आवेदन का प्रसंस्करण करने और आपके TFN (टीएफएन) को आपके पते पर भेजने में अधिकतम 28 दिनों का समय लग सकता है।

अपने TFN (टीएफएन) को सुरक्षित रखना

आपका TFN (टीएफएन) पूरे जीवन-भर आपके साथ रहता है, इसलिए इसे सुरक्षित रखें। यदि आपका नाम या पता बदलता है, आपकी नौकरी बदलती है, अथवा आप किसी दूसरे राज्य में या विदेश जाते/जाती हैं, तो भी आपका TFN (टीएफएन) वही रहता है।

किसी दूसरे व्यक्ति को अपने TFN (टीएफएन) का उपयोग न करने दें, मित्रों या संबंधियों को भी नहीं। किसी और को इसका उपयोग करने की अनुमति देना, इसे दे देना या बेच देना एक अपराध है।

अपना TFN (टीएफएन) केवल इन व्यक्तियों/निकायों को ही दें:

- हमें, अपने कर-संबंधी रिकॉर्डों के बारे में चर्चा करते समय
- कार्य आरंभ करने के बाद अपने कार्य-नियोक्ता को, लेकिन इसे नौकरी के आवेदनों पर प्रदर्शित न करें
- आपकी बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान
- Services Australia (सेवाएँ ऑस्ट्रेलिया)
- आपका पंजीकृत कर एजेंट
- आपका सुपरएन्युएशन (सुपर) फंड
- आपका उच्चतर शिक्षा प्रदाता या विश्वविद्यालय, Higher Education Loan Program (HELP) [उच्चतर शिक्षा ऋण कार्यक्रम (हेल्प)] जैसे छात्र ऋण का उपयोग करने के लिए ।

अपने TFN (टीएफएन) के गुम हो जाने अथवा चोरी या दुरुपयोग किए जाने की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए हमें **1800 467 033** पर फोन करें।

अपने TFN (टीएफएन) और अन्य व्यक्तिगत पहचान विवरणों को सुरक्षित रखने से पहचान अपराध की रोकथाम करने में सहायता मिलती है। जब अपराध करने के लिए लोगों के पहचान विवरण का उपयोग किया जाता है, तो यह पहचान अपराध होता है।

घोटाले वाली ईमेलें, फैक्स, एसएमएस और फोन कॉलें बहुत ही विश्वसनीय लग सकती हैं। ईमेलों या एसएमएस में अपना TFN (टीएफएन), पासवर्ड या अन्य संवेदनशील जानकारी शामिल न करें। जागरुकता बनाए रखें और यदि आप इस बारे में अनिश्चित हों कि आपको प्राप्त हुआ कोई संचार हमारी ओर से आया है, तो हमारी घोटाला हॉटलाइन को **1800 008 540** पर फोन करें।

अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएँ:

- अपनी जानकारी को सुरक्षित रखें – **ato.gov.au/identitycrime**
- कर घोटाले – **ato.gov.au/scams**
- पहचान अपराध – **ato.gov.au/identitytheft**
- **scamwatch.gov.au**

Australian business numbers (ABN) [ऑस्ट्रेलियाई व्यवसाय संख्याएँ (एबीएन)] व्यवसायों के लिए होते हैं

ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने के लिए सभी लोगों को Australian business numbers (ABN) [ऑस्ट्रेलियाई व्यवसाय संख्या (एबीएन)] का अधिकार या आवश्यकता नहीं होती है। ABN होने का अर्थ है कि:

- आप स्वयं अपना व्यवसाय चला रहे/रही हैं
- आपको अपना कर स्वयं हमें देना होगा
- आपको अपने सुपर का भुगतान स्वयं करने की आवश्यकता हो सकती है
- हो सकता है कि शारीरिक नुकसान होने की स्थिति में कि आपको बीमा के तहत कवर प्राप्त न हो।

एबीएन के लिए आवेदन करने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **abr.gov.au** पर जाएँ।

कार्य आरंभ करते समय

टैक्स फाइल नंबर (tax file number) घोषणा पूरी करें

कार्य आरंभ करते समय आपका कार्य-नियोक्ता आपसे *Tax file number declaration* (NAT 3092) पूरा करने के लिए कहेगा, ताकि आप उन्हें अपना TFN (टीएफएन) और और व्यक्तिगत जानकारी दे सकें।

वे आपके द्वारा दिए जाने वाले कर की गणना करने के लिए इस घोषणा का उपयोग करते हैं।

आपके पास घोषणा को पूरा करके अपने कार्य-नियोक्ता को देने के लिए 28 दिन होते हैं। यदि आप ऐसा नहीं करते/करती हैं, तो उन्हें आपके वेतन में से सबसे ऊँची दर पर कर लेना होगा।

सुपरएन्युएशन

सुपर ऑस्ट्रेलिया की सेवानिवृत्ति बचत प्रणाली है। यह आपकी सेवानिवृत्ति में उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आपके जीवन के कार्यकाल के दौरान अलग रखी गई धनराशि होती है।

नया कार्य आरंभ करते समय आपके लिए सुपर के काम करने के तरीके और अपने अधिकारों एवं एंटायटलमेंट के बारे में समझना महत्वपूर्ण है। आपके द्वारा अभी और भविष्य में लिए गए निर्णय सेवानिवृत्त होने पर आपकी जीवनशैली को प्रभावित करेंगे।

आपके वेतन के अलावा अनिवार्य कार्य-नियोक्ता सुपर योगदानों का भुगतान भी किया जाता है। अधिकाँश लोग इन योगदानों को जमा किए जाने के लिए अपनी पसंद के ऑस्ट्रेलियाई सुपर फंड का चयन कर सकते हैं।

सामान्य रूप से यदि आपको एक कैलेंडर माह में $450 या इससे अधिक का वेतन प्राप्त होता है, तो आपके कार्य-नियोक्ता को आपकी आमदनी की कुछ प्रतिशत धनराशि को आपके सुपर खाते में जमा करना चाहिए।

सुपर के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/super** पर जाएँ।

आप वेबसाइट **ato.gov.au/trackyoursuper** पर यह भी पता लगा सकते/सकती हैं कि अपने सुपर को कैसे ट्रैक किया जाए।

कर वापसी जमा करना

आपको एक व्यक्ति-विशेष के रूप में कर वापसी जमा करनी होगी, यदिः

- आपने कर वर्ष (1 जुलाई से 30 जून) के दौरान कर का भुगतान किया है
- आपकी कर-योग्य आय [जिसमें Centrelink (सेंटरलिंक) से प्राप्त भत्ते या भुगतान शामिल हैं] निवासियों के लिए नियत कुछ सीमाओं से अधिक थी – ato.gov.au/DoINeedToLodge पर जाएँ
- आप एक विदेशी निवासी हैं और आपने कर वर्ष के दौरान ऑस्ट्रेलिया में $1 या इससे अधिक की आय अर्जित की है (ऐसी आय के अतिरिक्त, जिसमें से अनिवासी कर-रोक कर निकाला गया था)
- आप स्थायी रूप से या एक से अधिक कर-वर्षों के लिए ऑस्ट्रेलिया छोड़कर जा रहे/रही हैं।

आपको क्या जानकारी जमा करने की आवश्यकता है

कर वापसी जमा करने के लिए आपके पास निम्नलिखित बातों की जानकारी होनी चाहिएः

- आपने कार्य से, बैंक खातों पर मिलने वाले ब्याज से या निवेशों से कितनी आय अर्जित की है
- आपकी आय में से कितना कर निकाला गया है (आपके कार्य-नियोक्ता ने आपके वेतन में से कितनी धनराशि निकालकर हमें भेजी है)
- सभी कटौतियाँ और कर ऑफसेट, जिनके लिए आप दावा कर रहे/रही हैं।

अपने कर को कम करने के लिए आपके द्वारा दावा किए जाने वाले शुल्कों को कटौतियाँ कहते हैं। अधिकाँश कटौतियाँ कार्य से संबंधित व्यय होते हैं। यह आपके द्वारा खर्च की गई धनराशि होती है, जिससे आपको अपनी आमदनी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। आपको यह प्रदर्शित करने में सक्षम होना चाहिए किः

- ये खर्चे प्रत्यक्ष रूप से आमदनी प्राप्त करने से संबंधित हैं
- ये व्यय निजी प्रकृति के नहीं हैं
- आपके पास अपने व्ययों को प्रमाणित करने के लिए रिकॉर्ड (उदाहरण के लिए, रसीदें) उपलब्ध हैं।

आपके कार्य-नियोक्ता को आपको एक आय विवरण या भुगतान सारांश उपलब्ध कराना होगा। इसमें आपके द्वारा अर्जित आय और दिया गया कर प्रदर्शित होता है।

कर-वापसी जमा करने में सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से और अधिक जानकारी के लिए:

- ato.gov.au/whentolodge
- ato.gov.au/incomeyoumustdeclare
- ato.gov.au/deductions
- ato.gov.au/incomestatement



रिकॉर्ड बनाकर रखना

जब आप अपनी कर वापसी जमा करते/करती हैं, तो हम इसका प्रसंस्करण करके यह पता लगाते हैं कि आपने कर की सही धनराशि अदा की है या नहीं। हम आपको एक notice of assessment (आकलन सूचना) भेजकर इसका परिणाम बताते हैं।

आप जो भी कटौतियों का दावा करते/करती हैं, उनके लिए आपको रिकॉर्ड रखने चाहिए (जैसे, रसीदें)। अपनी कर वापसी की तिथि से कम से कम पाँच सालों के लिए आपको ये रिकॉर्ड संभालकर रखने चाहिए। हम आपको ये रिकॉर्ड दिखाने के लिए कह सकते हैं।

रिकॉर्ड बनाकर रखना टूल के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/taxrecords** पर जाएँ।

अपने व्ययों और आय के रिकॉर्डों को एक स्थान पर रखने का सुविधाजनक तरीका myDeductions है। अपने स्मार्ट डिवाइस पर ATO app (एप) डाउनलोड करें और myDeductions आइकन का चयन करें। वेबसाइट **ato.gov.au/app** पर जाएँ।

myDeductions टूल के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/myDeductionatoapp** पर जाएँ।

अक्तूबर
31

अपनी कर वापसी को पूरा करके जमा करें

कब जमा करें

यदि आप स्वयं अपनी कर वापसी तैयार करके जमा कर रहे/रही हैं, तो आपको 31 अक्टूबर तक इसे जमा करना होगा। यदि आप सबसे पहली बार या पिछले वर्ष से अलग कर एजेंट का उपयोग कर रहे/रही हैं, तो आपको 31 अक्टूबर तक उनसे संपर्क करना होगा।

यदि आप अपनी कर वापसी जमा नहीं करते/करती हैं और हमें बकाया राशि का भुगतान नहीं करते/करती हैं, तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।

myTax का उपयोग करके ऑनलाइन जमा करें

आप myTax का उपयोग करके अपनी कर वापसी ऑनलाइन जमा कर सकते/सकती हैं यह ऑनलाइन जमा करने का त्वरित, आसान, संरक्षित और सुरक्षित तरीका है।

myTax का उपयोग करने के लिए आपको सबसे पहले myGov खाता बनाना होगा, और अपने खाते को ATO [एटीओ] की ऑनलाइन सेवाओं से जोड़ना होगा।

वेबसाइट **ato.gov.au/firstreturn** पर जाएँ।

पंजीकृत कर एजेंट का उपयोग करके जमा करें

आप अपनी कर वापसी तैयार करने और इसे जमा करने के लिए एक पंजीकृत कर एजेंट का उपयोग कर सकते/सकती हैं। आपको 31 अक्टूबर से पहले उनसे संपर्क करना होगा। आप एक पंजीकृत कर एजेंट की खोज कर सकते/सकती हैं, या इस बात की जाँच कर सकते/सकती हैं कि क्या वे एक पंजीकृत कर एजेंट हैं **ato.gov.au/lodgewithanagent** पर जाएँ।

जमा करने के लिए अतिरिक्त सहायता

यदि आपको अपनी कर वापसी जमा करने में सहायता की आवश्यकता है, तो आप Tax Help [कर सहायता] कार्यक्रम का उपयोग कर सकते/सकती हैं।

Tax Help [कर सहायता] ATO [एटीओ] द्वारा प्रशिक्षित और मान्यता-प्राप्त सामुदायिक स्वयंसेवकों का एक समूह है। वे लोगों को myTax का प्रयोग करके अपनी कर वापसी को ऑनलाइन पूरा करने में सहायता देने के लिए निःशुल्क और गोपनीय सेवा प्रदान करते हैं।

यह जुलाई से लेकर अक्टूबर तक सभी राजधानी नगरों और पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में कई ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध है।

कर सहायता के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **ato.gov.au/taxhelpprogram** पर जाएँ।

ato.gov.au

NAT 71986HIN-06.2020 DE-20654